राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर-302018
www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141-2722520

क्रमांक प.14(82)rssb / अर्थना / परावि / ग्रामविअधि / भर्ती / 2020 / 1309 दिनांक : 28/10/21

ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती-2021

-:: संशोधित विज्ञप्ति ::-

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के लिए ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती-2021 की विज्ञप्ति संख्या- 04 / 2021 दिनांक 06.09.2021 को ग्राम विकास अधिकारी के 3896 पदों के लिए जारी की गई थी। इस विज्ञप्ति की बिंदु संख्या 13 के उप-बिंदु संख्या 2 में यह प्रावधान किया गया था कि "मुख्य परीक्षा में प्रवेश दिये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या इस परीक्षा के माध्यम से भरी जाने वाली श्रेणीवार रिक्तियों की कुल संख्या की 15 गुणा होगी, किन्तु उक्त रेंज में उन सभी अभ्यर्थियों को शामिल किया जायेगा, जो उतने अंक प्राप्त करते है जितने की निम्नतम रेंज के लिए नियत किये जाएें, मुख्य परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।" को विलोपित किया जाकर इसके स्थान पर निम्नानुसार प्रावधान किये जाते हैः-

13 (2) "प्रारम्भिक परीक्षा के पश्चात् मुख्य परीक्षा के लिए उतने अभ्यर्थियों को पात्र घोषित किया जाएगा, जितने अभ्यर्थियों को श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या को ध्यान में रखते हुए इष्टतम स्तर तक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा निश्चित किया जाएगा।"

विज्ञप्ति संख्या 04 / 2021 दिनांक 06.09.2021 के शेष प्रावधान यथावत रहेंगे।

(हरि प्रसाद शर्मा)
अध्यक्ष